लोकमत समाचार

बिजनेस न्यूज

वेकोलि का आईआईएम से हुआ एमओयू

नागपुर : वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम, नागपुर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 7 फरवरी को नागपुर स्थित कंपनी के मुख्यालय में हस्ताक्षर किए. वेकोलि के महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) नरेंद्र कुमार और आईआईएम नागपुर के डायरेक्टर बियामराया मैत्रे ने इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए. इस अवसर पर वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार और निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे. यह एमओयू वेकोलि के कर्मचारियों को वर्ष 2023-24 में एक्जीक्यूटिव डेवलपमेंट ट्रेनिंग देने के लिए किया गया है. यह ट्रेनिंग आईआईएम नागपुर के विशाल कैम्पस में दी जाएगी. इस ट्रेनिंग से वेकोलि के कर्मचारियों को कार्य के दौरान नेतृत्व करने, निर्णय लेने, विश्लेषण करने में मदद होगी.